# महिला शिक्षा आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत : राज्यपाल

■ वीर तेजा महिला शिक्षण एवं शोध संस्थान मुंडवा का वार्षिक उत्सव

**नागौर, (निसं)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि महिला शिक्षा आज के समय की आवश्यकता है और इसी से महिला सशक्तिकरण संभव है। हमारे देश में प्राचीन समय से ही महिला शिक्षा की महत्ता रही है। उन्होंने कहा कि जो समाज महिलाओं को शिक्षा का अवसर देता है वही आगे बढ़ता है।

राज्यपाल मिश्र नागौर जिले के मूण्डवा स्थित वीर तेजा महिला शिक्षण एवं शोध संस्थान में बुधवार को वार्षिकोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने वीर तेजा संस्थान में नवनिर्मित महिला छात्रावास भवन का भी लोकार्पण किया। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में महिला शिक्षा के अवसर बढ़े हैं परंतु आज भी कई चुनौतियां मौजूद हैं, जिनके यथासंभव हल करने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियां वरदान होती है जो घर में प्रसन्नता व उत्साह के वातावरण का निर्माण करती है, उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलने चाहिए जिससे कि हम समानता के स्वप्न को साकार कर सकें।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को राज्यपाल कलराज मिश्र ( बीच में ) ने सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मिश्र ने कहा कि वीर तेजाजी सच्चाई के प्रतीक थे जिन्होंने जीव मात्र के प्रति दया भाव के साथ गोरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए। वे हमारी संस्कृति के आलोक हैं। उन्होंने कहा कि यहां पर आकर यह देखना सुखद है कि संस्थान महिला शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। इससे पहले पूर्व केंद्रीय मंत्री सी.आर. चौधरी ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए राज्यपाल को पचरंगी साफा पहनाकर तथा शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। पूर्व सांसद चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियां लड़कों से पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी बच्चियां केवल पढ़ने में ही नहीं बल्कि खेलकूद में भी सबसे आगे हैं।

संस्थान निदेशक जंवरीलाल शर्मा ने संस्थान की वार्षिक प्रगति विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संस्थान की बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके बाद संस्थान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की बालिका प्रवीण प्रजापत ने राज्यपाल को स्कैच से बना छायाचित्र भेंट किया। कार्यक्रम के अंत में सी.आर चौधरी ने राज्यपाल को तेजाजी महाराज की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, पुलिस महानिरीक्षक रूपिन्द्र सिंह, जिला कलेक्टर पीयूष समारिया, जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## उपखंड स्तरीय जनसुनवाई आज

**मसूदा, (निसं)।** उपखंड स्तरीय जन सुनवाई का 9 फरवरी गुरुवार को आयोजन किया जाएगा। पंचायत समिति के वीसी कक्ष में मसूदा में प्रात: 11 बजे उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में उपखण्ड समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण भाग लेंगे। मसूदा उपखंड अधिकारी एवं उप जिला मजिस्ट्रेट डॉ संजू मीणा के अनुसार प्रत्येक माह के द्वितीय गुरुवार को आयोजित होने वाल ी उपखंड स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था का गुरुवार को प्रात:11 बजे पंचायत समिति वीसी कक्ष मसूदा में में आयोजन किया जाएगा। इस उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण भाग लेंगे। इस संबंध में अधिकारी डॉ संजू मीणा ने निर्देश जारी किए है। सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी बैठक में अनिवार्यत: उपस्थित होगे। बैठक में प्राप्त प्रकरणों को उसी समय ऑनलाईन राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा तथा संबंधित अधिकारी यथा संभव उसी समय पोर्टल पर अपनी टिप्पणी अंकित करेंगे। इसबैठक में वही प्रकरण लिए जाएंगे जो मूलत: ब्लॉक स्तर के हो या ऐसे प्रकरण जो पूर्व में दर्ज हो किन्तु परिवादी उनके समाधान से सन्तुष्ट न हो। ऐसे प्रकरण जिनमें एक से अधिक विभागो के आपसी समन्वय की आवश्यकता हो।. उक्त बैठक में मुख्यमंत्री कार्याल य से प्राप्त प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए है।

## सार-समाचार

### सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन



**अजमेर, (कासं)।** सेवा भारती अजमेर द्वारा सेवा बस्ती दाता नगर में एक निशुल्क सिल ाई प्रशिक्षण केंद्र का मुख्य अतिथि सेवा बस्ती की मोनिका गुर्जर ने विधिवत रूप से मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वल न कर उद्घाटन किया। सेवा भारती के महानगर अध्यक्ष विकास पाराशर ने बताया कि सिलाई प्रशिक्षण द्वारा सेवा बस्ती की मातृ शक्तियों को स्वावलंबी बनाकर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जाएगा। सेवा बस्ती की मातृ शक्तियों को रोजगार उपल ब्ध कराने के उद्देश्य से निशुल्क प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाना है। सेवा भारती द्वारा स्थाई प्रकल्प शहर में चलाए जा रहे हैं। जिसमें बाल संस्कार केंद्र, सिलाई केंद्र, तुलसी सेवा केंद्र, चल चिकित्सा केंद्र आदि मुख्य प्रकल्प है।

### 'नानी बाई रो मायरो' कथा कल से

**बिजयनगर, (निसं)।** श्री श्याम मित्र मंडल विजयनगर के तत्वाधान में आयोजित होने वाली नानी बाई को मायरो कथा की तैयारियों को लेकर बुधवार को इंदिरा खेल मैदान परिसर में आयोजकों द्वारा पत्रकार वार्ता की गई। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष मुकेश तायल एवं हिमांशु बिंदल ने पत्रकारों को बताया कि आगामी 10 11 12 फरवरी को विख्यात कथावाचक जया किशोरी के मुखारविंद से नानी बाई रो मायरा कथा का वाचन किया जाएगा ।10 फरवरी रात्रि 8:00 बजे से बाबा श्याम के भजनों की कोल काता के प्रसिद्ध भजन गायक शुभम रूपम और राज पारीक भजनों की प्रस्तुति देंगे ।नानी बाई रो मायरा कथा को भव्यता प्रदान करने के लि ए श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्य पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं।पालि का अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा ने बुधवार को कथा स्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लि या त्श्री श्याम मित्र मंडल केअध्यक्ष मुकेश तायल हिमांशु बिंदल अभिषेक टॉक भवानी सिखवाल वेद प्रकाश सोनी दिनेश शर्मा मनोज टेलर सुनील दत्त ओझा विजय कुमार बिंदल सहित श्री श्याम मित्र मंडल के सदस्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### श्मशान भूमि से हटवाया अतिक्रमण

**भीलवाडा, (निसं)।** ज़िले के शाहपुरा तहसीलदार रामकिशोर ने बुधवार को राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच कर लसाड़िया में शमशान भूमि पर लंबे समय से हो रहे अतिक्रमण को जेसीबी की मदद अतिक्रमण हटाया है। तहसीलदार ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत थी लंबे समय से कई लोगों ने अतिक्रमण कर रखा था। बुधवार को पंचायत के सहयोग से तीन जेंसीबी मशीने मंगवाकर मौके पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। लसाड्या में श्मशान घाट व सर्व समाज श्मशान भूमि 3.58 हेक्टेयर यानि 15 बीघा पर अतिक्रमण कर रखा था। इस मौके पर तहसीलदार राम किशोर, गिरदावर बालकृष्ण शर्मा, अमर सिंह मीणा, ओमप्रकाश योगी, लोकेश मीणा, ओमप्रकाश, ठााम पंचायत सरपंच कांता मंत्री, पूर्व सरपंच संयज मंत्री व ग्राम विकास अधिकारी, पुलिस जाप्ता पुलिस चैकी लसाड्या व ग्रामीण मौजूद रहे।

### पार्किंग को नि:शुल्क कराने की मांग

**अजमेर, (कासं)।** कांग्रेस के पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांठोसी नेता डॉ श्रीगोपाल बाहेती ने स्मार्ट सिटी सीईओ व जिलाधीश अंशदीप को पत्र लिखकर अवगत करवाया कि व्यापारियों का एलिवेटेड रोड बनने में काफी सहयोग रहा है, उनके व्यापार को देखते हुये उक्त पार्किंग को नि:शुल्क करवाने की मांग है। डॉ बाहेती ने पत्र में बताया कि उन्हें समाचार पत्रों से ज्ञात हुआ कि ऐलिवेटड रोड के नीचे पार्किंग को ठेके पर दिया जा रहा है। उक्त रोड बनने में व्यापारियों ने अपना पूरा सहयोग किया, जबकि उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठान प्रभावित हुये। अब इनका व्यापार बाधित न हो इसके लिये ऐलिवेटेड रोड के नीचे की जगह को इन दुकानदारों व ठााहकों की पार्किंग के लिये नि:शुल्क ही छोडा जाये।

### राठौड़ ने किया रुद्राभिषेक

**पुष्कर, (निसं)।** पुष्कर राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने बुधवार को पुष्कर में श्री महामृत्युंजय महादेव मंदिर के प्रांगण में श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ पुष्कर द्वारा आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम में भाग लिया। महामृत्युंजय रुद्राक्षाभिषेक कार्यक्रम में श्री कृष्ण जन्मभूमि मथुरा के सचिव संत दाता उमेश गिरी जी महाराज के सानिध्य में निगम अध्यक्ष राठौड ने सपत्निक जलाभिषेक कर देश एवं प्रदेश में खुशहाली की कामना की। निगम अध्यक्ष राठौड़ ने सपत्निक रुद्राभिषेक में मंत्रोच्चारण के साथ श्री ब्रह्मा सावित्री वेद विद्यापीठ पुष्कर के छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य व्यक्ति के साथ जल अभिषेक किया। इस दौरान पुष्कर के पार्षद व कई कांग्रेसी भी मौजूद रहे जिसमें गोपाल चौधरी टीकम शर्मा शामिल है।

## हजरत मीरां हुसैन खिंगसवार का तीन दिवसीय उर्स प्रारंभ

**अजमेर, (कासं)।** हजरत मीरां सैयद खिंगसवार का तीन दिवसीय उर्स बुधवार से तारागढ़ स्थित दरगाह में प्रारंभ हुआ। इस मौके पर मजार शरीफ के चारों ओर सवा मन कलावा बांधा, मेहंदी ल गाई गई। उर्स के मौके पर तारागढ़ दरगाह में सजावट की गई है। रंग बिरंगी रोशनी से तारागढ़ दरगाह जगमगा रही है।

उर्स कन्वीनर व इंतजामिया कमेटी के सदस्य हाजी मोहम्मद यूनुस ने बताया कि परंपरा के अनुसार सुबह 4:30 बजे मजार शरीफ को केवड़े व गुलाब जल से गुस्ल दिया गया। मौके पर कमेटी की ओर से मजार शरीफ पर कब्रपोश पेश किया। खुद्दाम ए मीरां की ओर से मजार शरीफ के चारों ओर कल ावा बांधा गया मेहंदी ल गाई गई। यूनुस ने बताया कि रात को 10 बजे बाद महफिल खाना में उर्स की महफिल शुरू हुई। इसकी सदारत इंतजामिया कमेटी के सदर मोहसिन अल ी सुल तानी ने की।

दरगाह की शाही चौकी के कव्वाल पार्टी ने हजरत मीरां की शान में कलाम पेश किए, शाम को रोशनी की दुआ में अकीदतमंद शरीक हुए। हजरत मीरा हुसैन खिंग सवार के साल ाना उर्स के मौके पर कुछ खास रसूमात हैं जो केवल उस के मौके पर ही होती हैं। इनमें उर्स के पहले दिन होने वाली खास नियाज है और इसमें बंटने वाली रोटियां हैं। यह विशेष नियाज गुरुवार को दिलाई जाएगी। उर्स के मौके पर हर साल शाम 5 बजे खास फातिहा होती है। यह कदीम रस्म है। इसका नाम हफ्त चौकी खुद्दाम दरगाह मीरां साहब है। मीरां साहब की दरगाह के आस्ताना के सात प्रमुख चाबी दार हैं। इन बारीदारों और उनके परिवार के लोगों को यह रोटी तकसीम की जाती है। इसे हक हकूक की रोटी भी कहा जाता है।

## विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**ब्यावर, (निसं)।** जवाजा पंचायत समिति के अंतर्गत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजियावास में तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन रखा गया।

शिविर का शुभारंभ माँ सरस्वति की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन ओर पुष्पहार सभी अतिथियों के कर कमलों द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य नेमीचंद यादव ने सभी अतिथियों का माला पहनाते हुए किया। कार्यक्रम में पैरालीगल वोलेंटियर संजय सिंह गहलोत ने छात्र छात्राओं को जनउपयोगी विधिक जानकारियां बताई। पतंजलि महिला योग समिति की जिला प्रभारी योग शिक्षिका,जसमीत कौर सलूजा द्वारा छात्र छात्राओं को स्वस्थ रहने हेतु योग का महत्व बताते हुए सरल और सुगम योग करवाये। कॉर्यक्रम में आये भामाशाह घनश्याम चौहान के सौजन्य से 51 छात्र छात्राओं को स्वेटर वितरित किये गए जिसे पाकर वे खुशी से झूम उठे। मिनरल व्यवसायी कैलाश चंद जैन ने कोरोना काल में खो चुके अपने माता पिता वाले छात्र को सहानुभूति प्रकट करते हुए उसे हर प्रकार की सहायता देने का आश्वासन दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नेमीचंद यादव ने आये अतिथियों का आभार जताते हुए इस तरह की गतिविधियां करवाने का निवेदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रघुवीर सिंह द्वारा किया गया।



कॉर्यक्रम में आये भामाशाह घनश्याम चौहान के सौजन्य से 51विद्यार्थियों को स्वेटर बांटे जिसे पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने सौंपा ज्ञापन

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी देने वाले वीक्षकों, सुपरवाइजर सहित शिक्षकों के मानेदय बढ़ाने की मांग को लेकर बुधवार को राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने आयोग के अध्यक्ष के नाम सचिव को ज्ञापन सौंपा।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिल ाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि प्रदेश महामंत्री महेंद्र ल खारा के नेतृत्व में बुधवार को आरपीएससी के अध्यक्ष एवं सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में सेवाएं देने वाल े वीक्षकों, सुपरवाइजर, एसीएस, केंद्र अधीक्षक, निरीक्षक दल, सहायक कर्मचारियों को दिया जाने वाला मानदेय वर्षो पूर्व निर्धारित है, जबकि उस समय परीक्षार्थियों से शुल्क भी कम लिया जाता था, आज शुल्क की राशि भी परीक्षार्थियों से अधिक वसूल ी जाती है, ले किन परीक्षा के दौरान सेवाएं देने वाल े कार्मिकों को मानदेय वहीं मिल रहा है, ऐसे में इन सभी का मानदेय अन्य एजेंसियों यूपीएससी, एसएससी, बैंक बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं की तुल ना में काफी कम है, इसको बढ़ाया जाए।

आरपीएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में दूरस्थ स्थान अजमेर शहर से ल गभग 50 से 100 किल ोमीटर दूरी से शिक्षकों को भर्ती परीक्षाओं में ल गाया जा रहा है। दूरस्थ स्थान के शिक्षकों को भर्ती परीक्षाओं ड्यूटी से मुक्त रखा जाए। साथ ही 15 किल ोमीटर से दूरी से परीक्षा में सेवाएं देने वाल ों को टीए डीए का भुगतान किया जाए। परीक्षा केंद्रों पर सरकारी विद्याल य शिक्षकों को अपने विद्याल य से अन्य सरकारी विद्याल यों के परीक्षा केंद्रों पर ल गाया जाता है जिससे सरकारी शिक्षकों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो रहा है। ऐसे में पूर्व की भांति सरकारी विद्याल य के शिक्षकों को अन्य सरकारी विद्याल य के परीक्षा केंद्रों पर नहीं ल गाया जाए।

वर्तमान समय में परीक्षाओं में प्रात: 7 से शाम को 6 बजे तक परीक्षा केंद्रों पर 10 से 11 घंटे तक की ड्यूटी देनी पड़ रही है जिसे कार्य दिवसों की भांति जाए। जिल ाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि हमारी मांगे शिक्षक हित में है, जिन्हें शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। अन्यथा संगठन प्रदेश स्तर पर आंदोल न करेंगा। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि हमारी मांगे शिक्षक हित में है जिन्हें शीघ्र पूरा किया जाना चाहिए। अन्यथा संगठन द्वारा व्यापक स्तर पर आंदोल न किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में महेंद्र कुमार ल खारा प्रदेश महामंत्री, भंवर सिंह राठौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष, सत्यनारायण शर्मा जिलाध्यक्ष, चेतन प्रकाश जिंदागल जिला मंत्री, सुरेंद्र पाल सिंह चौधरी अजमेर अध्यक्ष, भगवान सिंह गॉड अजयमेरू अध्यक्ष, वरुण कुमार सेन, रोहित सारस्वत ओम प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## पुरस्कार वितरण समारोह आज

**पुष्कर, (निसं)।** रा.उ.मा.वि. कानस का वार्षिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह आज आयोजित किया जाएगा। प्रात: 11:30 बजे कार्यक्रम का समय रखा गया है। इस समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर इंसाफ जबकि अध्यक्षता सुनीता रावत सरपंच कानस करेगी। प्रधानाचार्य उमाशंकर ने बताया कि समारोह में छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे वही पूरे साल अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर के अलावा हाजी इंसाफ अली, सुनीता रावत, महेंद्र सिंह रावत, राजू सिंह रावत, गोवर्धन सिंह रावत, मिट्ठू सिंह रावत, दीप सिंह रावत, कन्हैया रावत, एडवोकेट शंकर मेघवंशी, सीमा रावत शामिल है। इस कार्यक्रम के संरक्षक कालिंदी नंदिनी शर्मा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अजमेर रहेगी।

## विजयराज महाराज का मसूदा में मंगल प्रवेश

**मसूदा, (निसं)।** जैन जगत की दिव्य विभूति, प्रवचन प्रभाकर नानेश पट्टधर जैनाचार्य श्री विजयराज जी म.सा. का दिव्य व भव्य मंगल प्रवेश मंगलवार सवेरे मसूदा में हुआ। इस मौके पर कस्बे सहित ब्यावर, बिजयनगर, सारोठ, बिडकच्यावास, जयपुर के भक्तों ने शिरकत कर कस्बे को पन्ना गुरु,नाना गुरु व विजय गुरु की जय जयकारों से गूंजायमान कर दिया।

नानेश पट्टधर राष्ट संत जैनाचार्य विजयराज महाराज निकटवर्ती गांव पाखरियावास से लगभग तेरह किलोमीटर का पैदल विहार कर मसूदा संघ की जैन समाज की विनती को मान देते हुए पधारे। जैन जैनेतर समाज के भक्तों ने वंदन नमन कर पूरी भक्ति के साथ गुरु भगवंतो की अगुवाई की। ब्यावर से मसूदा तक गुरु भगवन की विहार यात्रा में ब्यावर के युवाओं का विशेष उत्साह झल का। जैनाचार्य विजयराज जी महाराज के साथ कल सवेरे से आज मसूदा तक पैदल विहार यात्रा में अपनी सेवाएं दी। संघ अध्यक्ष संपतराज ढेड़ीया के साथ वरिष्ठ पत्रकार समाज सेवी प्रकाश जैन, संघ महामंत्री कमल छलानी, विनोद लोढ़ा, प्रिंस कोठारी, गोतम लोढ़ा, सुरेंद्र लोढ़ा, शुभम कूकड़ा,सचिन गादिया, ऋषभ मेहता, बबल ू जैन, वैभव ढडिया आदि ने अपनी सेवाएं देकर पुण्य का अर्जन किया। जैनाचार्य को पाकर मसूदावासी हुए पुल कित व प्रफुल्लि त:संघ के पूर्व अध्यक्ष सुश्रावक गजराज नाहर ने बताया कि जैनाचार्य काफी लं बे समय बाद कस्बे में पधारे है।संघ उन्हें अपने मध्य पाकर पुल कित व प्रफुल्लि त है। गुरु भगवन के अल्प प्रवास,प्रवचन ज्ञान व तत्व चर्चा का लाभ लेने का सदप्रयास करे।

## कलेक्टर ने किया अमृता हाट का शुभारंभ

■ शहरवासियों को मिला हस्तनिर्मित उत्पादों की खरीदारी का अवसर

**अजमेर, (कासं)।** अमृता हाट का शुभारंभ जिला कलेक्टर अंश दीप ने बुधवार को वैशाली नगर स्थित अरबन हाट में किया। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार की ओर से हर साल मेले का आयोजन किया जाता है। बुधवार को अमृता हाट मेले का जिला कलेक्टर अंश दीप ने फीता काटकर शुभारंभ किया। साथ ही मेले में अलग-अलग स्टॉल पर पहुंचे।इस अवसर पर उन्होंने बताया कि ग्रामीण परिवेश की महिलाओं के द्वारा तैयार उत्पाद बेहतरीन कारीगरी और हुनर का उदाहरण हैं तथा राज्य सरकार की महिल ा सशक्तीकरण की मुहिम में शहरवासी भी इनके उत्पादों को खरीद कर योगदान दे सकते हैं।राज्य सरकार आईएम शक्ति तथा उद्यम प्रोत्साहन योजनाओं जैसी योजनाओं से महिलाओं को बैंकों द्वारा अनुदानित ऋण प्रदान कर उन्हें उद्यमी के रूप में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान कर रही है।

उन्होंने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अमृता हाट के माध्यम से उनके उत्पादों की बिक्री के लि ये बाजार उपलब्ध करवाया जाता है। जिल े के सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे परिवार सहित इस मेले में आकर अपने जरूरत के आधार पर उत्पादों को खरीदकर इन महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करेंगे।



अमृता हाट का शुभारंभ कलेक्टर अंश दीप ( दाये से दूसरा ) ने वैशाली नगर स्थित अरबन हाट में किया।

उन्होंने बताया कि वैशाली नगर मेंअमृता हाट का आयोजन 8 से 14फरवरी तक होगा। यहां राजस्थान के पारंपरिक खाद्य व हस्तशिल्प के उत्पाद मिलेंगे। खास बात यह कि इन उत्पादों को बनाने वाल े हाथ भी ग्रामीण महिलाओं के हैं।हर साल की तरह इस साल भी प्रदेश के विभिन्न खाद्य एवं हस्तशिल्प उत्पादों का मेला अजमेर में लगा है। वैशाली नगर स्थित अरबन हाट बाजार में विभिन्न जिलों के प्रसिद्ध उत्पाद बिकने आए हैं। महिला उद्यमी तथा महिला स्वयं सहायता समूहों की भागीदारी,उनके उत्पादों की बिक्री और मार्केटिंग को बढ़ाने के लिए संभागस्तर पर सात दिवसीय अमृता हाट का आयोजन हो रहा है। हाट में बीकानेर, जयपुर, झालावाड़, बूंदी, दौसा, अजमेर, चूरू, सवाईमाधोपुर, अल वर, श्री गंगानगर, सीकर, कोटा एवं झुंझुनू जिलों से महिला स्वयं सहायता समूहों तथा महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित सामग्री बिकने आई है। हाटमें लगभग 80 स्टॉल्स लगाई गई। उन्होंने बताया कि मेले में भाग ल ेने वाल ी स्वयं सहायता समूह सदस्याओं को विभाग की ओर से नि:शुल्क स्टॉल्स,आवास व्यवस्था, उपलब्ध करवाई गई है। अमृता हाट में प्रवेश नि:शुल्क एवं समय प्रात:10से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। बच्चों के लि ए विशेष आकर्षक किड्स जोन तथा सेल्फी प्वाइंट एवं विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं भी होगी।

अमृता हाट में महिला उद्यमी तथा महिला स्वयं सहायता समूहों व राजविका द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हैण्डीक्राफ्ट उत्पाद जैसे लाख की चूड़ियां, मोजड़ी, आर्टिफिशियल फ्लावर्स, टेराकोटा, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, वस्त्र उत्पाद जैसे कशीदाकारी, चिकनजरी, पेचवर्क, कांच जड़ाई, वुडन क्राफ्ट, आदि के हस्त निर्मित उत्पाद, कोटा डोरिया की साड़ियां, सलवार सूट, गुजराती सामान, देवी-देवताओं की पोशाकें, रेडिमेड कपड़े, सोजत की मेहन्दी, खाद्य उत्पादों में अचार, मुरब्बा, मसाले, पापड़, मगोड़ी, सूखी सब्जियां आदि उपल ब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि समस्त उत्पाद विभिन्न वेरायटी व पर्याप्त मात्रा में उचित मूल्य पर बिक्री के लि ए उपल ब्ध रहेंगे। मेले में फूड कोर्ट की सुविधा भी रहेगी।हाटमें विभिन्न प्रतियोगिताएं, व्याख्यान, सांस्कृतिक कार्यक्रम व संगोष्ठी का आयोजन होगा। महिलाओं की विशेष रूचि के अनुरूप मेहन्दी लगवाने की व्यवस्था भी होगी। परिसर में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए दिवसवार विभिन्न प्रतियोगिताएं विद्यालयों के माध्यम से आयोजित करवाई जाएगी। स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद गुणवत्तायुक्त एवं उचित मूल्य पर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर विधायक वासुदेव देवनानी, अजमेर डेयरी के अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, नगर निगम आयुक्त सुशील कुमार, समेकित बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सिकरामाराम चोयल , महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र चौधरी, संरक्षण अधिकारी रामकिशोर खदाव एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं निकिता जैन D/O पुखराज जैन ने अपना नाम बदल कर निकिता पीपाड़ा W/O अंकित कुमार पीपाड़ा रख लिया है भविष्य में सभी सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यों के लिए मुझे निकिता पीपाड़ा के नाम से जाना पहचाना जावे।

-निकिता पीपाड़ा W/O अंकित कुमार पीपाड़ा
बाबेलो का मोहल्ला
बदनोर भीलवाड़ा

**कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर के ग्राम माकड़वाली में खसरा नं. 372, 415 का पट्टा क्र.सं. 586 दिनांक 08.06.2009 को श्रीमति बसन्ती देवी सोनी के नाम जारी किया गया था। उन्होंने यह भूखण्ड श्रीमति बसन्ती देवी सोनी को बेच दिया था। श्रीमति बसन्ती देवी सोनी द्वारा मूल रजिस्ट्री खो गई थी जिसकी गुमशुदा रिपोर्ट नं. 1711338/2023 दिनांक 02.02.2023 थाने में करा दी गई थी और श्रीमति बसन्ती देवी सोनी द्वारा सत्यापित प्रति के आधार पर दिनांक को यह भूखण्ड श्रीमति बसन्ती देवी सोनी को बेच दिया गया था। श्रीमति बसन्ती देवी सोनी द्वारा शपथ पत्र व गुमशुदगी रिपोर्ट प्रस्तुत कर अवगत कराया कि लिंक दस्तावेज गुम हो गये है। अत: खसरा नं. 372, 415 ग्राम माकड़वाली का फ्री होल्ड पट्टा श्रीमति बसन्ती देवी सोनी के पक्ष में जारी किये जाने से किसी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें। उक्त नियत अवधि के पश्चात् आपत्ति स्वीकार नहीं होगी एवं फ्री होल्ड का पट्टा जारी कर दिया जायेगा।

नियमन प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नियमन/22-23/136 दिनांक: 07-02-2023

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्री विजय पुत्र श्री रामू निवासी भवानी कॉलोनी, फतेहपूरिया दोयम, ब्यावर ने राजस्व ग्राम फतेहपुरिया दोयम के खसरा नम्बर 328 में स्थित भवानी कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 98 क्षेत्रफल 63.28 वर्गगज भूमि के आवासीय पट्टा विलेख प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन पत्र के साथ सलंग्न कतई बेचान करार पत्र अपंजीकृत है तथा जमाबन्दी से अन्तिम केता ( आवेदनकर्ता ) तक दस्तावेजों का मिलान नहीं हो पा रहा है परन्तु प्रार्थी द्वारा 500/- नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत कर मौके पर 20 वर्ष से स्वयं के नाम से पानी का बिल व स्वयं काबिज होना बताया गया है उपरोक्त दस्तावेजों के आधार पर पट्टा विलेख जारी करने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर-भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित में आपारी प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

सीमायें ( साईट प्लान के अनुसार )
पूर्व- प्लॉट नं. 97 पश्चिम - प्लॉट नं. 99
उत्तर - रोड 13 फीट 6 इंच दक्षिण - प्लॉट नं. 57

आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: घूघरा, अजमेर, राजस्थान 305023
फोन नं. : 8094007181, ई-मेल: ghoogh@bankofbaroda.com

**अनुबंध-क अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**"परिशिष्ट-IV-क" [ नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें ]**

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसी है जहां है", "जो है जैसी है", "जितनी भी उपलब्ध है" और "दायित्व रहित" के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/ जमानतदारों /प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| ऋणियों/जमानतदारों/ बंधककर्ता के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया मांग पत्र के अनुसार | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि ( ईएमडी ) एवं बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति ( प्रलक्षित/ वास्तविक ) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| मैसर्स ड्रीम हाउसिंग दुकान नं. 6, भूतल, नक्षत्र रेजीडेन्सी, ज्ञान विहार, गाँव कोटड़ा, अजमेर, राजस्थान 305001 प्रोपराईटर- श्री अनिल कुमार शर्मा पुत्र श्री महेश चंद शर्मा फ्लैट नं. 409, नक्षत्र रेजीडेन्सी, ज्ञान विहार, गाँव कोटड़ा, अजमेर, राजस्थान 305001 | श्री अनिल कुमार शर्मा पुत्र श्री महेश चंद शर्मा के नाम साम्यिक बंधक दुकान दिनांक14.06.2016 जो भूतल, दुकान नं. 6, नक्षत्र रेजीडेन्सी, खसरा नं. 790, 791, 793 एवं 794 का भाग, राजस्व गाँव कोटड़ा, जिला अजमेर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 238.00 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्व: अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम: आम रास्ता, उत्तर: अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण: ज्ञान विहार कॉलोनी का भाग | रू. 5,54,606.50 दिनांक 21.06.2021 को बकाया ( दिनांक 20.01.2021 तक का ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्च इत्यादि। | 28.02.2023 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 6,28,000/- धरोहर राशि- रूपये 62,800/- बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- | प्रलक्षित | 21.02.2023 सुबह 11:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक |

अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं https://ibapi.in देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 0145-2787020, मोबाईल नं. 8094007181 पर संपर्क कर सकते है।
दिनांक: 08.02.2023
स्थान: अजमेर

हस्ता. प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा